C-9 Assessment For Learning.

Date
Page

(3) थर्स्टन रुचि अनुसूची

(Thurston Interest Schedule)

थर्स्टन ने तत्व विश्लेषण के आधार पर रुचियों को प्रतिपादित किया था।

थर्स्टन रुचि अनुसूची की विशेषताएँ

इस अनुसूची की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं।

(1) इस अनुसूची से सभी रुचि सम्बन्धी घटकों की शक्ति का मापन किया जाता है और साक्षात्कार द्वारा इस बात की पुष्टि की जाती है कि व्यक्ति को किस किस व्यवसाय में अधिक रुचि है।

(2) यह अनुसूची इस प्रश्न का उत्तर दे सकती है कि किस व्यक्ति में सामाजिक अथवा वैज्ञानिक अथवा अन्य किस प्रकार की रुचियाँ तीव्र हैं।

(3) थर्स्टन की अनुसूची कम समय में रुचि सम्बन्धी जानकारी दे सकती है क्योंकि इसे केवल 72 व्यवसायों को ही जाँचना पड़ता है।

Date ______
Page ______

(५) धारटोन की अनुसूची मरम की परिणामों की व्याख्या कठिन और जटिल है।

(५) ली - थार्पे सूचिपत्री
(Lee - Tharpe Inventory)

ली - थार्पे सूचिपत्री मे प्रश्नों का संकलन सांख्यिकीय आधार पर न करके निर्णय के आधार पर किया जाता है। ली - थार्पे ने विभिन्न व्यवसायों की व्याख्या यूनाइटेड स्टेटस एजुकेशनल सर्विस द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक शीर्षक के कोश के आधार पर की है।
इस सूचिपत्री मे निम्नलिखित होता है।

(I) प्राकृतिक (Natural)
(II) यांत्रिक (Mechanical)
(III) वैज्ञानिक (Scientific)
(IV) कला (Art)
(V) व्यापार (Trade)
(VI) व्यक्तिगत - सामाजिक (Personal - social)

इस स्वीचपत्री में परीक्षार्थी के समक्ष प्रस्तुत किये गये तीन कार्यों में से एक कार्य को चुनने का आदेश दिया जाता है।

(5) गीस्ट चित्र रुचि प्रपत्र

(Giest Picture Interest Inventory). — इस रुचि प्रपत्र में कुल 44 पद हैं, जिनमें प्रत्येक में तीन-तीन चित्र हैं जिनका चयन व्यावसायिक एवं अव्यावसायिक क्रियाओं से किया गया है। इस प्रपत्र का प्रशासन व्यक्तिगत एवं सामूहिक दोनों रूपों किया जाता है तथा प्रशासन की कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। इस रुचि प्रपत्र के द्वारा यह ज्ञात किया जाता है कि किस व्यक्ति में किन प्रेरणाओं के फलस्वरूप किसी विशेष विशिष्ट व्यवसाय में रुचि उत्पन्न की है।

मनोविज्ञानशाला इलाहाबाद की रुचिपत्री (Bureau of Psychology Allahabad Interest Inventory).

इस परीक्षा के अन्तर्गत 80 परीक्षा पदों का समावेश किया गया है। यह परीक्षा 10 भागों में विभक्त है। यह रुचियाँ निम्न प्रकार की रुचियों से सम्बन्धित है।

(1) बाह्य (outdoor)

(2) यांत्रिक (Mechanical)

(3) गणनात्मक (Computational)

(4) वैज्ञानिक (Scientific)

(5) प्रभावात्मक (Persuasive)

(6) कलात्मक (Artistic)

(7) साहित्यिक (Literary)

(8) संगीतात्मक (Musical)

(9) समाज सेवा (Social Service)

(10) लिपिक सम्बन्धी (clerical)

भिन्न-भिन्न भागों से प्राप्त अंकों के आधार पर परीक्षार्थी

की व्यावसायिक रुचि का प्रारूप निर्मित किया जाता है। यह रुचि परीक्षण उत्तर प्रदेश की हाई स्कूल तथा इन्टरमीडिएट छात्रों की ~~रुचि~~ रुचि का मापन करने के लिए उपयोगी है।

रुचि - प्रपत्रों की परिसीमाएं
(Limitations of Interest Inventory)

इस रुचि प्रपत्र की निम्नलिखित ~~की~~ परिसीमाएं हैं।

(1) इस रुचि प्रपत्रों में छात्रों द्वारा दिये गये प्रश्नों के उत्तर उनकी वर्तमान मानसिक ~~का~~ अवस्था का निर्माण करते हैं भविष्य में इस मानसिक अवस्था के परिवर्तित होने के साथ-साथ उनकी रुचियों का ढांचा भी बदल सकता है।

(2) इन ~~अनुसूचीयें~~ अनुसूचियों में छात्रों द्वारा फलाफल केवल इतना बता सकता है कि अनुसूची में दी गई रुचियों के स्वरूप

C-9 Assessment for Learning.

(1)

में है अमुक खनिज प्रकृति इसके लिए उपयुक्त है।

(3) ये अनुसूचियाँ गुप्त खनिजों के विषय में कोई सूचना नहीं दे पाती। किसी स्थान में खनिज का विकास, उस स्थान में संसाधन होने के उपरान्त हुआ है अथवा पहले से ही खनिज विद्यमान हो।

यद्यपि, खनिज-अनुसूचियाँ छात्रों को वास्तविक खनिजों की जानकारी देने में अपने को असमर्थ पाती है, फिर भी वे अध्यापक के हाथ में हेतु यंत्र का काम करती है, जो कई प्रकार से उपयोगी है।